4

# भारत का गणतंत्र दिवस

(लेख)

**प्रतिध्वनि**

"हम भारतीयों के कृतज्ञ हैं, जिन्होंने हमें गिनना सिखाया, जिसके बिना कोई सार्थक वैज्ञानिक खोज नहीं की जा सकती थी।" – ऐल्बर्ट आइन्सटाइन



15 अगस्त, सन 1947 के दिन हमारा देश भारत स्वतंत्र हुआ था। इस दिवस को हम स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हैं। उस दिन भारत ने ब्रिटिश पराधीनता की बेड़ियों को काटकर स्वतंत्रता प्राप्त की थी। स्वतंत्र भारत ने अपना संविधान बनाया जो 26 जनवरी, 1950 को देश में लागू हुआ। इस संविधान के अनुसार हमारे देश को 26 जनवरी, सन 1950 को पूर्ण प्रभुता संपन्न गणराज्य घोषित किया गया। राष्ट्रपति ने देश का सर्वोच्च



Scanned with CamScanner

संवैधानिक पद सँभाला। तब से प्रतिवर्ष 26 जनवरी का दिन सारे देश में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया है। गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय त्यौहार है जिसे बड़े हर्ष और उल्लास के साथ पूरे भारत में मनाया जाता हमारे देश के इतिहास में गणतंत्र दिवस का उतना ही महत्व है जितना स्वतंत्रता दिवस का। गणतंत्र दिवस तैयारी काफी समय पहले शुरू हो जाती है। वैसे तो यह पूरे देश के भिन्न-भिन्न राज्यों की राजधानियों विदेशों में भारतीय दूतावासों में उल्लास के साथ मनाया जाता है किंतु देश की राजधानी होने के कारण दि में इस दिन विशेष समारोह होता है। राष्ट्रपति भवन से लालकिले तक परेड देखने के लिए दर्शक सवेरे से जमा हो जाते हैं। राष्ट्रपति, राष्ट्रपति भवन से विजय चौक आते हैं। यहाँ वे राष्ट्रध्वज फहराते हैं। उन्हें इक्की तोपों की सलामी दी जाती है। इसके बाद जल, थल और वायु सेना के जवान मार्च करते हुए राष्ट्रपति सलामी देते हैं। उनके साथ बैंड की धुन बजती जाती है।



इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, रॉकेट, टैंक, वाहन, मिसाइल आदि का भी प्रदर्शन किया जाता है। अलग-अलग राज्यों की मनोरम झाँकियाँ दिखाई जाती हैं। इन झाँकियों के द्वारा देश की संस्कृति की झलक दिखाई जाती है। किसी राज्य विशेष के रीति-रिवाज, वहाँ के विशिष्ट उद्योग या कला-कौशल का



Scanned with CamScanner

परिचय भी इनसे मिलता है। विभिन्न राज्यों के बच्चे व लोकनर्तकों के दल अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। इसके बाद वायु सेना के विमानों का आकाश में प्रदर्शन होता है जो दर्शकों को मुग्ध कर देता है। अंत में विद्यालयों के छात्रों द्वारा रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता है। इस कार्यक्रम को दूरदर्शन पर भी प्रसारित किया जाता है जिसे लोग अपने घरों में बैठकर भी देख सकते हैं।

Scanned with CamScanner



इस दिन रात के समय राष्ट्रपति भवन को खूब सजाया जाता है। सारा राष्ट्रपति भवन बिजली की रोशनी में चमक उठता है। इसके अलावा आतिशबाजी का दृश्य भी स्मरणीय होता है। संसद तथा अन्य सरकारी भवनों पर भी सजावट की जाती है।

यह पर्व हमें प्रेरणा देता है कि जिस प्रकार आज़ादी को पाने के लिए हमारे नेताओं ने संघर्ष किया उसी प्रकार हमें भी राष्ट्र-निर्माण के लिए संघर्ष करना है और प्रत्येक दशा में अपने देश को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करना है।

**जीवन मूल्य** : हमें अपने देश के संविधान के प्रति निष्ठा रखनी चाहिए।



Scanned with CamScanner

**शब्दार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| स्वतंत्रता | – | आज़ादी |
| पूर्ण प्रभुता संपन्न | – | समस्त अधिकारों से युक्त |
| सर्वोच्च | – | सबसे ऊँचा |
| समारोह | – | जलसा |
| मिसाइल | – | प्रक्षेपास्त्र |
| स्मरणीय | – | स्मरण करने योग्य |
| संविधान | – | कानून के रूप में बने देश के मौलिक सिद्धांत |
| अग्रसर | – | आगे बढ़ा हुआ |
| घोषित करना | – | ऐलान करना |
| उल्लास | – | हर्ष, खुशी |
| वाहन | – | सवारी |
| प्रदर्शन | – | दिखावा |
| पर्व | – | त्यौहार |

Scanned with CamScanner

## लिखित [Writing Skills (comprehension, spelling, vocabulary, grammar)]

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) 26 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार देश को क्या घोषित किया गया?

(ख) गणतंत्र दिवस कहाँ-कहाँ मनाया जाता है?

(ग) विजय चौक पर राष्ट्रपति के सम्मान में क्या-क्या किया जाता है?

(घ) गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को दूरदर्शन पर प्रसारित क्यों किया जाता है?

(ङ) हमें राष्ट्र-निर्माण के लिए संघर्ष क्यों करना चाहिए?

**2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए-**

(क) ............................, 1950 को भारत पूर्ण प्रभुता संपन्न गणराज्य घोषित किया गया।

(ख) राष्ट्रपति ने देश का सर्वोच्च ............................ पद को सँभाला।

(ग) अलग-अलग राज्यों की मनोरम झाँकियों के द्वारा देश की ............................ की झल... दिखाई जाती है।

(घ) सारा राष्ट्रपति ............................ बिजली की रोशनी में चमक उठता है।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) का तथा गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाइए-**

(क) 15 अगस्त, सन 1947 को भारत को स्वतंत्र घोषित किया गया।

(ख) गणतंत्र दिवस हमारा धार्मिक त्यौहार है।

(ग) इस दिन राष्ट्रपति लालकिले पर राष्ट्रध्वज फहराते हैं।

(घ) वायु सेना के विमानों का आकाश में प्रदर्शन होता है।

(ङ) इस दिन रात के समय राष्ट्रपति भवन को खूब सजाया जाता है।



Scanned with CamScanner

**सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-** [Multiple Choice Questions (MCQs)]

(क) 26 जनवरी, 1950 में हमारे देश को क्या घोषित किया गया?

(i) गणराज्य ○ (ii) आज़ाद ○ (iii) पराधीन ○

(ख) राष्ट्रपति किस स्थान पर राष्ट्रध्वज फहराते हैं?

(i) राष्ट्रपति भवन ○ (ii) विजय चौक ○ (iii) संसद ○

(ग) गणतंत्र दिवस पर जल, थल और वायु सेना के जवान मार्च करते हुए किसे सलामी देते हैं?

(i) प्रधानमंत्री ○ (ii) मुख्यमंत्री ○ (iii) राष्ट्रपति ○

Scanned with CamScanner

## पाठ 4 'भारत का गणतंत्र दिवस'

प्रश्न - 26 जनवरी ,1950 को संविधान के अनुसार देश को क्या घोषित किया गया ?

उत्तर- 26 जनवरी ,1950 को संविधान के अनुसार देश को पूर्ण प्रभुता संपन्न गणराज्य घोषित किया गया ।

प्रश्न -गणतंत्र दिवस कहाँ -कहाँ मनाया जाता है ?

उत्तर- गणतंत्र दिवस देश की राजधानी दिल्ली, राज्यों तथा विदेशों में भारतीय दूतावासों में मनाया जाता है।

प्रश्न- विजय चौक पर राष्ट्रपति के सम्मान में क्या-क्या किया जाता है ?

उत्तर- विजय चौक पर राष्ट्रपति के सम्मान में 21 तोपों की सलामी दी जाती है तथा इसके बाद जल ,थल और वायु सेना के जवान मार्च करते हुए उन्हें सलामी देते हैं ।

प्रश्न - गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को दूरदर्शन पर प्रसारित क्यों किया जाता है ?

उत्तर-गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को लोग घर बैठ देख सकें। इसलिए इसे दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाता है ।

प्रश्न -हमें राष्ट्र निर्माण के लिए संघर्ष क्यों करना चाहिए?

उत्तर- हमें राष्ट्र निर्माण के लिए संघर्ष देश को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए करना चाहिए ।

Scanned with CamScanner

## पाठ 4 'भारत का गणतंत्र दिवस' अभ्यास कार्य

2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए -

(क) 26 जनवरी (ख) संवैधानिक

(ग) संस्कृति (घ) भवन

3. सही कथन पर ( √ ) का तथा गलत कथन पर ( x) का चिन्ह लगाइए -

(क) √ (ख) x (ग) x (घ) √ (ङ) √

4. सही उत्तर पर ( √ ) का चिन्ह लगाइए -

(क) गणराज्य

(ख) विजय चौक

(ग) राष्ट्रपति

Scanned with CamScanner

# C4 Holiday Home - Work

1. पाठ 1 से 4 तक का वाचन करेंगे ।

2. व्याकरण पाठ 1, 2 पढ़े समझे और प्रश्नोत्तर याद करें एवं लिखकर अभ्यास करें ।

3. पाठ 1 से 4 के शब्दार्थ और प्रश्नोत्तर याद करके लिखें ।

4. पाठ के कठिन शब्दों को दो-तीन बार लिखकर अभ्यास करें ।

5. लिखावट सुधारेंगे और अच्छा लिखने का प्रयास करेंगे । कलम (पेन ) से लिखेंगे ।

6. समाचार - पत्र पढ़ें ।

Scanned with CamScanner